an>

Title:Need to set up new Kendriya Vidyalayas in Jabalpur, Madhya Pradesh.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र जबलपुर (मध्य प्रदेश) में रक्षा उत्पादन से संबंधित कई बड़ी इकाइयों के साथ ही केंद्र पोÂिात कई संस्थान स्थापित हैं। जबलपुर में वर्तमान में लगभग 9 केन्द्रीय विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं जिनमें न्यूनतम फीस पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रावधान है। जबलपुर में केन्द्रीय विद्यालय संगठन का क्षेत्रीय मुख्यालय भी स्थापित है। अच्छी शिक्षा व्यवस्था और न्यूनतम फीस के कारण हर अभिभावक अपने बच्चों को केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश कराना चाहते हैं। हर वÂान अभिभावक अपने बच्चों को जबलपुर के केन्द्रीय विद्यालयों में एडमिशन का आवेदन करते हैं और इन आवेदनों की संख्या हज़ारों में होती है।

जबलपुर में वर्तमान में कई ऐसे केन्द्र पोÂिात संस्थान हैं जिनमें नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने का प्रावधान किया जा सकता है जैसे पंडित द्वारिका प्रसाद मिश्रा इंस्टीटयूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नॉलोजी, ग्रे आयरन फैक्ट्री, जम्मू एण्ड कश्मीर रायफल्स, ग्रेनेडियर्स रेजीमेंटल सेन्टर के साथ ही जबलपुर प्रशासन के अंतर्गत नए केन्द्रीय विद्यालय खोले जा सकते हैं।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जबलपुर में नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने की मांग पर शीघ्र विचार किया जाए।